संपादकीय

# मोदी व विभाजित फ्रांसिसी जनमत

पश्चिमी सरकारों की चिंता अपनी भू-राजनीतिक रणनीति और संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था है। चीन के खिलाफ रणनीति में भारत सहायक भूमिका निभा सकता है और हथियारों के सबसे बड़े आयातक इस देश को अपने हथियार बेचे जा सकते हों, तो वे अपने घोषित उसूलों को छोड़ने के लिए सहज तैयार हैं।

हाल की दो प्रमुख विदेश यात्राओं के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह जरूर अहसास हुआ होगा कि अब उन्हें खासकर पश्चिमी देशों में विभाजित जनमत का सामना करना पड़ रहा है। निसदेह वहां की सरकारें उन्हें सम्मान में एक दूसरे-से आगे निकलने की होड़ में शामिल दिखती हैं, लेकिन बौद्धिक वर्ग, मीडिया का बड़ा हिस्सा और सिविल सोसायटी के संगठन उनकी यात्रा को उनकी सरकार की 'अल्पसंख्यक, लोकतंत्र और निजी स्वतंत्रता' विरोधियों पर अपना विरोध जताने का मौका बना रहे हैं। जून में हुई अमेरिका यात्रा के दौरान इस विरोध के कारण सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए इतनी असहज स्थिति पैदा हुई कि राष्ट्रपति जो बाइडेन के बचाव में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को मोर्चा संभालना पड़ा। इसी प्रयास में उन्होंने भारत के बारे में एक ऐसी टिप्पणी की, जिससे भारत में एक बड़े तबके की भावनाएं आहत हुईं। अब ऐसा ही फ्रांस में देखने को मिला है। फ्रांस सरकार ने प्रधानमंत्री को अपना सर्वोच्च सम्मान दिया।

लेकिन इसी मौके पर यूरोपीय संसद में मणिपुर के हालात के बारे में प्रस्ताव पारित हुआ, फ्रांस के सबसे प्रतिष्ठित अखबार ला मोंद ने मोदी और उनकी सरकार के खिलाफ कड़ी टिप्पणी, वामपंथी नेता ज्यां लुक मेलेन्शॉ ने बास्टिल डे समारोह में मोदी को बुलाने के खिलाफ कड़ा बयान जारी किया, और मशहूर अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी सहित कई बुद्धिजीवियों ने राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को पत्र लिख कर 'भारत की स्थिति' पर मोदी से बात करने की अपील की। तो साफ है कि भारत को लेकर पश्चिम के लोकतंत्र और आधुनिकता समर्थक समूहों और वहां के सत्ता प्रतिष्ठानों के बीच गहरे मतभेद उभरने लगे हैं। सरकारों की चिंता अपनी भू-राजनीतिक रणनीति और संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था है। अगर चीन के खिलाफ उनकी रणनीति में भारत सहायक भूमिका निभा सकता है और दुनिया में हथियारों के सबसे बड़े आयातक इस देश को अपने हथियार बेचे जा सकते हों, तो वे अपने घोषित उसूलों को छोड़ने के लिए सहज तैयार हैं। लेकिन यही बात उनके पूरे जनमत के बारे में नहीं कई जा सकती। इसलिए अब प्रधानमंत्री का पश्चिमी देशों में सामना बंटे हुए जनमत से हो रहा है।

# कोरिया ओपन : सिंधु, श्रीकांत पहले दौर में हारे, दूसरे दौर में पहुंचे प्रणय



**येओसु ।** शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत यहां अपने-अपने शुरुआती दौर के मैचों में हार के बाद सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट कोरिया ओपन से जल्दी बाहर हो गए।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु नए कोच मुहम्मद हाफिज हाशिम के नेतृत्व में अपने पहले आधिकारिक मैच में महिला एकल में चीनी खिलाड़ी पाई यू पो से 18-21, 21-10, 13-21 से हार गईं। मलेशियाई कोच की नियुक्ति की औपचारिक घोषणा मंगलवार को की गई।

इस सीजन में 12 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर टूर्नामेंट में सिंधु का यह छठा शुरुआती दौर में बाहर होना था।

अन्य महिला एकल मुकाबलों में मालविका बंसोड़ दुनिया की चौथे नंबर की चीनी ताइपे की ताई जू यिंग से 17-21, 7-21 से हार गईं। इस बीच, अश्मिता चालिहा मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चीन की चेन यू फी से 13-21, 12-21 से हार गईं।

आकर्षी कश्यप को चीनी शटलर झांग यी मान के हाथों 12-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि तस्नीम मीर को स्थानीय खिलाड़ी किम गा युन से 11-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। तान्या हेमनाथ जापान की साएना कावाकामी से 11-21, 17-21 से हार गईं।

पुरुष एकल में, पूर्व विश्व नंबर 1 श्रीकांत जापान के केंटो मोमोता से तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में 21-12, 22-24, 17-21 से हार गए। उनके हमवतन एचएस प्रणय ने बेल्जियम के जूलियन कैरागी को 21-13, 21-17 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला हांगकांग के ली चेउक यियू से होगा।

दूसरी ओर, किरण जॉर्ज चीनी ताइपे के शटलर वांग जू वेई से 17-21, 9-21 से हार गईं। मिथुन मंजूनाथ को भी मलेशिया के एनजी जू योंग से 11-21, 4-21 से हार का सामना करना पड़ा।

मिश्रित युगल में रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी ने फिलीपींस के एल्विन मोराडा और एलिसा यसबेल लियोनार्डो को 21-17, 21-17 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनायी । रोहन और सिक्की का अगला मुकाबला फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग की चौथी वरीयता प्राप्त चीनी जोड़ी से होगा।

एक अन्य मिश्रित जोड़ी, बी सुमित रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा, सोंग ह्यून चो और ली जंग ह्यून की कोरियाई जोड़ी से 21-23, 21-13, 12-21 से हारकर बाहर हो गई।

# दुनियाभर में व्हाटसएप डाउन, यूज़र्स परेशान- ट्विटर पर आई मेम्स की बाढ़



**नई दिल्ली ।** इंस्टैंट मैसेजिंग ऐप व्हाटसएप एक बार फिर डाउन हुआ है। इस महीने ये दूसरी बार हुआ है, जब वॉट्सऐप की सर्विसेस प्रभावित हुई हैं। बुधवार देर रात अचानक व्हाटसएप ट्विटर पर ट्रेंड करने लगा।

वॉट्सऐप की मालिकाना कंपनी मेटा ने इस बारे में पुष्टि करते हुए अपने ऑफिशियल ट्वीट पर कहा, 'हम वॉट्सऐप पर आ रही कनेक्टिविटी समस्याओं को हल करने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं और हम आपको जल्द से जल्द इसका अपडेट देंगे।'

रिपोर्ट के मुताबिक सर्विस करीब एक घंटा ठप रही, जिसके बाद वह फिर से बहाल हो गई। कुछ देर बाद, समस्या हल हो गई और कंपनी द्वारा ट्वीट करके अपडेट दिया गया, 'अब हम वापस आ गए हैं, खुशी से चैटिंग कीजिए!' फिलहाल अब तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है कि आउटेज की वजह क्या थी।

वॉट्सऐप डाउन होने के बाद ट्विटर पर ឥङ्खद्धड्डह्लह्यग्रश्चश्च छ्श2ठ्ठ ट्रेंड करने लगा और लोग ऐप के मजे भी लेने लगे। इसके अलावा ऐप में दिक्कत आने के चलते कुछ परेशान यूज़र्स अपनी भड़ास निकालने भी पहुंच गए, और फिर प्लैटफॉर्म पर मीम्स की बाढ़ आ गई है।

# निफ्टी का नया ऑल टाइम हाई, 19,851 अंक दर्ज

**नई दिल्ली ।** शेयर बाजार में उछाल जारी है। निफ्टी में 83 अंकों की बढ़त देखी गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के तकनीकी अनुसंधान विश्लेषक नागराज शेट्टी ने कहा कि बुधवार को भी निफ्टी में तेज उछाल देखने को मिला था।

नागराज शेट्टी ने कहा कि पॉजिटिव रुख के साथ बाजार खुलते ही और ऊपर चला गया। न्यू ऑल टाइम स्तर 19,851 दर्ज किया गया और बाजार नई ऊंचाई से नीचे चला गया। सेशन के मध्य से लेकर बाद में और कारोबार खत्म होने तक तेज उछाल आया और निफ्टी ऊंचे स्तर पर बंद हुआ।

उन्होंने कहा कि बाजार की यह गतिविधि निफ्टी के लिए 19,850 के स्तर पर कड़े प्रतिरोध जोन का संकेत देती है। उच्च/बाधाओं पर छोटे निगेटिव पैटर्न की पुष्टि नहीं हो रही है और प्रतिरोधों से किसी भी उचित गिरावट का अभाव है। निफ्टी में बुनियादी तेजी बरकरार है।

# एशेज 2023 : स्टुअर्ट ब्रॉड 600 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे तेज गेंदबाज बने



**मैनचेस्टर ।** इंग्लैंड के अनुभवी क्रिकेटर स्टुअर्ट ब्रॉड यहां ओल्ड ट्रैफर्ड में एशेज 2023 सीरीज के चौथे मैच के पहले दिन टेस्ट क्रिकेट में 600 विकेट लेने वाले दूसरे तेज गेंदबाज बन गए।

36 वर्षीय ब्रॉड ने ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रैविस हेड का विकेट लेते ही ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। उनके इंग्लैंड टीम के साथी जेम्स एंडरसन 600 से अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले एकमात्र अन्य तेज गेंदबाज हैं।

कुल मिलाकर, ब्रॉड श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन (800), ऑस्ट्रेलिया के शेन वार्न (708), एंडरसन (688) और भारत के अनिल कुंबले (619) के बाद टेस्ट में 600 विकेट लेने वाले पांचवें गेंदबाज हैं।

ब्रॉड ने चल रहे ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट में 598 विकेट से शुरुआत की और जल्द ही 599 पर पहुंच गए, जब उन्होंने मैच की शुरुआत में उस्मान ख्वाजा को एलबीडब्ल्यू आउट किया। तीसरे सत्र में ब्रॉड ने अपने टेस्ट विकेट की संख्या 600 हासिल की जब हेड को बाउंड्री पर जो रूट ने कैच किया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन ने ऑन-एयर कहा, ब्रॉड अब अपने महान साथी के साथ उस विशेष क्लब में शामिल हो गए हैं, जहां सिर्फ तीन स्पिनर और दो सीमर हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस तरह के गेंदबाज हैं, इतने विकेट हासिल करना अद्भुत है।

ब्रॉड ने 2007 में कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया, जिसमें चामिंडा वास इस प्रारूप में उनका पहला विकेट था। अब तक उन्होंने 166 टेस्ट मैच खेले हैं और चार एशेज विजेता टीमों के सदस्य रहे हैं।

एथरटन ने कहा, तनाव और दबाव के बावजूद एक तेज गेंदबाज के रूप में ऐसा करना काफी अविश्वसनीय है। यह एक बहुत ही खास विकेट है, जिसे ब्रॉड लंबे समय तक याद रखेंगे। यहां तक कि उन्होंने जितने भी विकेट लिए हैं, उसके बाद भी वह शानदार रहे।

# कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने श्री सीमेंट के खिलाफ निरीक्षण का आदेश दिया

**नई दिल्ली ।** श्री सीमेंट को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) के क्षेत्रीय निदेशक (एनडब्ल्यूआर) के कार्यालय से एक पत्र मिला, जिसमें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 206 (5) के तहत निरीक्षण के आदेश के बारे में बताया गया है। कंपनी ने एक फाइलिंग में कहा, श्री सीमेंट निर्देशों का पालन करेगी।

जून में श्री सीमेंट द्वारा 23,000 करोड़ रुपये की कर चोरी की खबरें आई थीं, जिसके बाद स्टॉक में 10 फीसदी की गिरावट आई थी। केंद्र सरकार प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हुए कंपनी अधिनियम की धारा 206(5) के तहत एकतरफा कार्रवाई कर सकती है और अपने द्वारा नियुक्त निरीक्षक द्वारा कंपनी की पुस्तकों और कागजात का निरीक्षण करने का निर्देश दे सकती है।

रिपोर्टों के अनुसार, जून में, आयकर अधिकारियों ने राजस्थान भर में विभिन्न स्थानों पर श्री सीमेंट समूह के परिसरों की तलाशी ली थी और कम से कम 23,000 करोड़ रुपये की कर धोखाधड़ी का संकेत देने वाले दस्तावेज जब्त किए थे।

आयकर अधिकारियों ने कहा कि छापे में मिले दस्तावेजों की जांच से पता चला है कि हर साल लगभग 1,200 से 1,400 करोड़ रुपये की कर चोरी की जाती थी।

यह छापेमारी आयकर अधिकारियों द्वारा समूह द्वारा किए गए कर कटौती के दावों पर संदेह करने के बाद हुई।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि केंद्र और राज्य सरकारों को सरपंच, ग्राम पंचायत और संबंधित स्थानीय निकायों द्वारा किए गए फर्जी समझौतों के माध्यम से नुकसान हुआ और आयकर विभाग के अधिकारियों ने जालसाजी से संबंधित समझौतों को भी जब्त कर लिया है।

आयकर विभाग के जयपुर कार्यालय की एक टीम ने जयपुर, ब्यावर, उदयपुर, अजमेर और चित्तौड़गढ़ में श्री सीमेंट के 24 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की थी। इन छापों में 200 से अधिक आईटी अधिकारी और पुलिसकर्मी शामिल थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आईटी अधिकारियों के मुताबिक, सीमेंट उत्पादन के लिए खरीदे गए कोयले और इसके लिए किए गए भुगतान के हिसाब-किताब में भारी अनियमितताएं थीं और विभाग ने नई तकनीक और सॉफ्टवेयर की मदद से इस धोखाधड़ी का पता लगाया।

# एशिया कप : भारत बनाम पाकिस्तान मैच 2 सितंबर को कैंडी में




**नई दिल्ली ।** एक रिपोर्ट में कहा गया है कि टीम इंडिया 30 अगस्त से शुरू होने वाले 2023 एशिया कप में 2 सितंबर को कैंडी में पाकिस्तान से खेलेगी। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच मुल्तान में खेला जाएगा, जिसमें मेजबान पाकिस्तान का मुकाबला नेपाल से होगा और फाइनल 17 सितंबर को कोलंबो में होगा।

वे मैच ड्राफ्ट शेड्यूल के नवीनतम संस्करण में शामिल हैं, जिसमें एसीसी द्वारा अंतिम संस्करण की घोषणा से पहले और बदलाव देखने की संभावना है। पीसीबी (मेजबान बोर्ड) द्वारा तैयार किए गए मूल ड्राफ्ट शेड्यूल में पहले ही कई पुनरावृत्तियां हो चुकी हैं, जिसका मुख्य कारण हाल ही में एसीसी द्वारा अनुमोदित हाइब्रिड मॉडल के आधार पर पाकिस्तान और श्रीलंका में खेला जाने वाला छह देशों का टूर्नामेंट है। टूर्नामेंट में कुल 13 मैच खेले जाएंगे, जो सभी पाकिस्तान मानक समय (भारतीय समयानुसार दोपहर 1.30 बजे) दोपहर 1 बजे शुरू होने वाले हैं। पाकिस्तान को ग्रुप ए में भारत और नेपाल के साथ रखा गया है जबकि श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान ग्रुप बी में हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर फोर चरण के लिए चलीफाई करेंगी और इस चरण में शीर्ष दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी। एशिया कप, जो इस बार 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाएगा, अनिवार्य रूप से भारत में 5 अक्टूबर से शुरू होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए नेपाल को छोडक़र छह टीमों में से पांच की तैयारी है।

# गदर 2 का दूसरा गाना खैरियत आया सामने, अरिजीत सिंह ने दी आवाज




सनी देओल और अमीषा पटेल की गदर 2 की रिलीज डेट जैसे-जैसे पास आ रही है, इसके लिए उत्सुकता भी बढ़ती ही जा रही है. वहीं, मेकर्स भी इस बेसब्री को लगातार किसी न किसी तरीके से बढ़ा ही रहे हैं. अब फिल्म का नया गाना खैरियत रिलीज किया गया है, जिसमें सनी देओल काफी भावुक नजर आ रहे हैं. इसमें वह अपने बेटे जीते की सलामती के लिए दुआएं करते हुए नजर आ रहे हैं.

गाने में देखा जा सकता है कि सनी एक ट्रक पर बैठे हुए और अपने बेटे की यादों पर में खोए हुए हैं. यहां वह अपने बच्चे की सलामती के लिए दुआ कर रहे हैं. वहीं, घर में बैठी अमीषा पटेल भी नम आंखों से अपने बेटे की खैरियत की दुआ कर रही हैं. खैरियत इतनी खूबसूरती से पेश किया गया है कि यह गाने में देखा जा सकता है कि जब बच्चा माता-पिता की नजरों से दूर किसी परेशानी में हो तो उनके दिल पर क्या बीतती है.

इस गाने को देखकर ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि सनी देओल इस बार अपने बेटे के लिए हिन्दुस्तान से पाकिस्तान तक का सफर तय कर रहे हैं. इस पूरे रास्ते में उन्होंने बेटे की फोटो और यादें अपने सीने से लगाकर रखी हैं.

गाने के बीच में पिछली फिल्म गदर की भी कुछ झलकियां देखने को मिल रही हैं, जिनमें तारा सिंह, सकीना और जीते के कुछ सीन्स दिखाए गए हैं, जो इस गाने को और खूबसूरत बना रहे हैं.

# प्रोजेक्ट के से प्रभास की पहली झलक आई सामने, दिखा धांसू अवतार



सालार न सिर्फ प्रभास, बल्कि 2023 की भी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। आए दिन इस फिल्म से जुड़ी तरह-तरह की जानकारियां सामने आ रही है। जहां कुछ दिनों पहले निर्माताओं ने प्रोजेक्ट के से दीपिका पादुकोण का फर्स्ट लुक जारी किया था, वहीं अब फिल्म से प्रभास की पहली झलक सामने आ चुकी है, जिसमें सुपरस्टार का धांसू अवतार देखने को मिल रहा है। तस्वीर साझा करते हुए प्रभास ने लिखा, हीरो उठ गया। अब खेल बदल गया।

सालार का निर्देशन प्रशांत नील ने किया है, जबकि इसके निर्माण का जिम्मा विजय किरगंदुर ने संभाला है। इसमें प्रभास के अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन और जगपति बाबू भी अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 28 सितंबर, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## आज का राशिफल

**मेष-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज परिवार की सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी। आज आपके भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। छात्र आज कुछ नया करने की कोशिश करेंगे, आपको अपने दिनचर्या में कुछ बदलाव करने की जरूरत है।

**वृष-** आज का दिन आपके लिए समान्य रहेगा। आज आपके विरोधी भी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। नौकरी करने वाले लोगों को सहयोगियों से मदद मिलेगी जिससे आपका कार्य जल्दी पूरा हो जाएगा।

**मिथुन-** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रूका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे।

**कर्क-** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपको खुशियां देंगे।

**सिंह-** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दांपत्य जीवन में और मधुरता आएगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है।

**कन्या-** आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। आज कोई शुभ समाचार मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आएगा। कुछ लोग आपके खिलाफ प्लानिंग कर सकते हैं।

**तुला-** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आप अपने भविष्य को बेहतर बनाने का प्लान बनाएंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक-** आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। कार्यस्थल पर दूसरे लोगों से वाद-विवाद की स्थिति बनने की संभावना है, आपको किसी से भी बिना वजह उलझने से बचना चाहिए।

**धनु-** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज ऑफिस में आपके कार्य परफॉरमेंस की तारीफ होगी। आज किसी मामले में आपका प्रस्ताव अंतिम निर्णायक साबित होगा।

**मकर-** आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। घर पर कोई मांगलिक कार्य आयोजित कराने के बारे में सोच सकते हैं, जिससे घर में खुशहाली आएगी।

**कुंभ-** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज आप कोई नया बिजनेस शुरू करने की प्लानिंग करेंगे । किसी खास मामले में अनुभवी व्यक्ति की सलाह भी आपको मिलेगी ।

**मीन-** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आचानक आय के रास्ते मिलेंगे, जिसका लाभ उठाने में आप सफल होंगे। आज आपके लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे, जिससे आपका मन पूरे दिन प्रसन्न रहेगा।

# घर पर 10 मिनट में बनाएं उपमा



**सामग्री:-**

सूजी(रवा) -1 कप, घी -1 चम्मच, हींग -एक चुटकी, जीरा-1 चम्मच, राई – 1/2 चम्मच, चना दाल- 1/2 चम्मच, करी पत्ता: 8-10, हरी मिर्च- 4, अदरक पेस्ट- 1 चम्मच, प्याज-1 कप, गाजर- 1/2 कप, टमाटर-1, मटर: 1/2 कप, नमक- स्वाद अनुसार, पानी - 1/2 लीटर, नीबू का रस- 1 चम्मच, धनिया पता

**विधि :-**

1.सबसे पहले सूजी को बिना तेल के 2-3 मिनट भून ले |

2. फिर सूजी को प्लेट में निकाल कर रख दे और उसी कढ़ाई में घी डाल दे |

3.फिर उसमे हींग,जीरा और राई को डाल दे और उसे लाल होने तक भुने |

4.फिर उसमे चने की दाल डाल कर थोड़ी देर भून लें 1

5.अब उसमे करी पत्ता, हरी मिर्च और अदरक पेस्ट डाल दे और उसे भुने |

6. फिर इसमें प्याज डाल दे और उसे लाल होने तक भुने |

7.अब उसमे गाजर, मटर और टमाटर को डाल दे |

8. फिर इसमें नमक थोड़ा सा नमक (सवाद अनुशार) डालकर मिलाये और उसे 5 मिनट तक पकाये |

9. फिर उसमे पानी डाल डाल दे |

10.और अब उसमें सूजी डाल कर चलाये | (सूजी डालने के बाद गैस को मध्यम कर दे और उसे हमेशा चलाते रहे और पकाये)

11. जब उपमा गाढ़ी होने लगे और कढ़ाई में पकड़ने लगे तो गैस को बंद कर दे और फिर उसमे धनिया पत्ता और नींबू रस डालकर मिला दे |

और उसे थोड़ी देर ठंडा होने थोड़ा होने के बाद किसी भी चटनी या सब्जी के साथ पड़ोसे |

## शब्द सामर्थ्य- 131

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 130 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

## सू-दोकू- 131

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[illegible] सकते है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.130 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |